दिल्ली एनसीआर में दो ज़िलों को शामिल करने संबंधी ड्राफ्ट तैयार

चर्चा में क्यों?

- 31 अगस्त, 2021 को योगी सरकार द्वारा **उत्तर प्रदेश के शामली और मुज़फ्फर नगर** ज़िलों को **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में शामिल करने से संबंधित ड्राफ्ट** तैयार किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इस ड्राफ्ट की घोषणा नई दिल्ली के निर्माण भवन में **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की 40वीं बैठक** में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार, हरदीप सिंह पुरी की अध्यक्षता में हुई।
- इस घोषणा के साथ ही **यमुना एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा)** को भी **मेट्रो सेंटर** घोषित किया गया है।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली तथा राजस्थान के बीच बेहतर ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के लिये**कंबाइंड रेसिप्रोकल कॉमन ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट** भी साइन किया गया। इससे इन राज्यों के एनसीआर क्षेत्र में बिना किसी रूकावट के आवागमन संभव हो सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/draft-ready-to-include-two-districts-in-delhi-ncr